Fax.: (05452) 252244, 252344
Web.: www.vbspu.ac.in

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषक,

कुलसचिव,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

पत्रांकः पू.वि.वि. / सम्बद्धता / 07–(तीन) / 2022 / 12506
दिनांक : 25/3/22

सेवा में,

प्राचार्य / प्रबन्धक,

....

....

....

विषयः– बी0एड0 काउंसिलिंग में जनपद जौनपुर एवं गाजीपुर के महाविद्यालयों का नाम प्रेषित किये जाने हेतु कार्यरत विभागाध्यक्ष तथा प्रवक्ताओं की सूची उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि बी0एड0 पाठ्यक्रम सत्र 2022–2024 में काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश हेतु बी0एड0 प्रवेश परीक्षा आयोजक विश्वविद्यालय को मानक पूर्ण करने वाले महाविद्यालयों की सूची प्रेषित की जानी है।

कृपया महाविद्यालय में अद्यतन अनुमोदित / कार्यरत विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ताओं की सूची समस्त साक्ष्यों सहित (**सम्बद्धता पत्र, अनुमोदन पत्र, संविदा–विस्तरण पत्र एवं संविदा पत्र आदि**) शपथ पत्र पर दिनांक 10.04.2022 तक ई–मेल connectaffiliation@gmail.com पर तथा उसकी हार्ड कापी अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे काउंसिलिंग हेतु महाविद्यालय का नाम प्रेषित करने की कार्यवाही की जा सके। **अन्यथा की स्थिति में आपके महाविद्यालय का नाम बी0एड0 काउंसिलिंग हेतु आयोजक विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जाना संभव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी। रू.100 / – के शपथ पत्र पर प्रेषित किये जाने वाली सूचना का प्रारूप निम्नवत् है–**

क्र. सं.	विभागाध्यक्ष / प्रवक्ताओं का नाम	पिता / पति का नाम	जन्म तिथि	आधार संख्या	प्राचार्य का नाम	विश्वविद्यालय के अनुमोदन का पत्रांक / तिथि	संविदा–विस्तरण का पत्रांक / तिथि (कब से कब तक)	वर्ग कला / विज्ञान	प्राचार्य का ई मेल आई0डी0 एवं मो0 नम्बर	

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. विशेष कार्याधिकारी कुलपति, कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वेब मास्टर को विश्वविद्यालय की साईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।
3. सम्पादक, दैनिक जागरण, आज, अमर उजाला एवं हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को आगामी अंक में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव
25/3/22